## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- रांची में दो सौ पचास से अधिक सरना स्थलों से निकाली जा रही सरहुल की भव्य शोभायात्रा, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रकृति पर्व की दी बधाई।
- देशभर में ईद का जश्न, ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गयी विशेष नमाज, इस्लाम धर्मावलंबियों ने आपसी प्रेम, सदभाव और भाईचारा का संकल्प दोहराया।
- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड का नया विकास मॉडल तैयार करने पर दिया जोर, कहा– मौजूदा राज्य सरकार लोगों के समग्र विकास पर केंद्रित करे ध्यान।
- मौसम विभाग ने आज तेज हवा चलने, ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी जारी की, आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलों को किया अलर्ट।

*******************

राजधानी रांची में झारखंड के सबसे बड़े प्रकृति पर्व सरहुल की भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। लगभग दो सौ पचास से अधिक सरना स्थलों से आदिवासी समुदाय के लोग शोभायात्रा में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी देशवासियों को विशेषकर जनजातीय भाई–बहनों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कियह पर्व जनजातीय समुदाय की सामूहिक चेतना और प्रकृति के साथ उनके घनिष्ठ संबंध को भी रेखांकित करता है। वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रकृति पर्व की शुभकामनाएं दी है। श्री सोरेन ने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और मानव जीवन के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जल, जंगल और जमीन के साथ संतुलन बनाकर ही समृद्ध और सतत भविष्य की ओर बढ़ा जा सकता है।

*******************

झारखंड समेत देशभर में ईद–उल–फितर का पर्व पूरे उल्लास और परंपरागत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, सरायकेला–खरसावां, पाकुड़, देवघर और चतरा समेत सभी जिलों में मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गयी। लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम, सदभाव और भाईचारा का संदेश दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद–उल–फितर की पूर्व संध्या पर नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की बधाई दी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भी लोगों को ईद की बधाई दी है।

*******************

राज्य के सभी जिला प्रशासन ने सरहुल और ईद को आपसी सदभाव और शांति के साथ मनाने की अपील की है। हजारीबाग जिले के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृति विरासत और समृद्धि का प्रतीक है।
इधर त्योहारों के मद्देनजर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पूरे राज्य में लगभग दस हजार अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। राजधानी रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि सरहुल की शोभायात्रा को लेकर ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया गया है।

*******************

रांची जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में निजी विद्यालयों के शुल्क निर्धारण के लिए जिला स्तरीय जांच एवं निर्णय कमिटी का गठन किया गया है। इस अधिनियम के आलोक में निर्धारित शुल्क से अधिक फीस वसूलने वाले विद्यालयों पर जिला स्तरीय कमिटी द्वारा उचित निर्णय लिया जा सकेगा। कमिटी के गठन से निजी विद्यालय अब मनमाने ढंग से फीस वृद्धि नहीं कर सकेंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड का नया विकास मॉडल तैयार करने पर जोर दिया है। उन्होंने राज्य की मौजूदा सरकार से लोगों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। वे कल दुमका स्थित बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से देवी देवताओं पर की गयी टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

*******************

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कल ठाकुरगंगटी प्रखंड में कई जल संसाधन और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं जल प्रबंधन सुदृढ़ करने, जल संचयन को बढ़ावा देने और सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

*******************

रांची में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में बनने वाले स्मृति स्थल को अब 'स्टेट ऑफ आर्ट पार्क' के रूप में विकसित किया जाएगा। यह पार्क धुर्वा डैम के पास बनेगा। गुजरात में बने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की तर्ज पर यहां भी गुरुजी की विशाल प्रतिमा लगायी जाएगी। पार्क में गुरुजी के जीवन, संघर्ष और झारखंड आंदोलन से जुड़े पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

*******************

गिरिडीह जिले के घोड़थंबा से कोडरमा सदर अस्पताल जा रही एक एंबुलेंस कोडरमा–जमुआ मुख्य मार्ग के पहाड़पुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में इलाज के लिए ले जायी जा रही बच्ची की मौत हो गई वहीं उसमें सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार विपरीत दिशा से आ रही एक हाईवा ने एम्बुलेंस को चकमा दे दिया। जिससे एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 34 हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 38 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

मौसम विभाग ने आज झारखंड के कई जिलों में तेज हवा, ओलावृष्टि, वज्रपात के साथ बारिश होने की आशंका जतायी है। मौसम में बदलाव और जारी चेतावनी के बीच आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी जिलों और विभागीय अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग के अनुसार 22 मार्च से मौसम साफ होगा।

*******समाप्त*******